**दिल्ली पुलिस का रिकार्ड**

2165. **श्री काशीराम गुप्त :**
**श्री विश्राम प्रसाद :**
**श्री नरदेव स्नातक :**
**श्री मोहन स्वरूप :**
**श्री छ० म० केदारिया :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली पुलिस का अधिकांश रिकार्ड उर्दू में रखा जाता है और जनता के मांगने पर इस रिकार्ड की प्रति भी उर्दू में ही दी जाती है जिससे दिल्ली के अधिकांश लोगों को बहुत परेशानी होती है ;

(ख) क्या दिल्ली पुलिस विभाग का रिकार्ड हिन्दी में रखने की कोई योजना विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या-चरण शुक्ल)** : (क) दिल्ली पुलिस का अधिकांश रिकार्ड उर्दू में रखा जाता है । सभी थाने तथा चौकियां मांगे जाने पर रिपोर्टों की प्रतिलिपियां हिन्दी में दे सकते हैं ।

(ख) और (ग). दिल्ली पुलिस का रिकार्ड रखने के फार्म तथा रजिस्टर अब हिन्दी में छापे जा रहे हैं ।

**केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में अनुवाद कार्य**

2166. **श्री काशीराम गुप्त :**
**श्री विश्राम प्रसाद :**
**श्री नरदेव स्नातक :**
**श्री मोहन स्वरूप :**
**श्री छ० म० केदारिया :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न मंत्रालयों में वार्षिक प्रतिवेदनों का हिन्दी अनुवाद उन मंत्रालयों के हिन्दी जानने वाले सम्बन्धित कर्मचारियों द्वारा किया जाता है ;

(ख) यदि यह कार्य बाहर से कराया जाता है तो इसके क्या कारण हैं और 1965-66 में इस कार्य पर कितनी राशि व्यय की गई ;

(ग) क्या भविष्य में इस अनुवाद-कार्य को विभागीय कर्मचारियों द्वारा कराने के लिये कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(घ) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है और इसको कब क्रियान्वित किया जायेगा ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) पुनर्वास विभाग को छोड़कर सभी मंत्रालयों के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुवाद उनके हिन्दी जानने वाले कर्मचारियों द्वारा किया जाता है ।

(ख) पुनर्वास विभाग ने अपने वार्षिक प्रतिवेदन का अनुवाद एक अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कराया था । उन्होंने अपने 1965-66 के वार्षिक प्रतिवेदन के अनुवाद के लिये अब तक 575 रुपये का भुगतान किया है ।

(ग) और (घ). इस पर पुनर्वास विभाग द्वारा विचार किया जायेगा ।

**ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय**

2167. **श्री नरदेव स्नातक :**
**श्री विश्राम प्रसाद :**
**श्री मोहन स्वरूप :**
**श्री काशीराम गुप्त :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि जनता में दिल्ली के ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय